दिनाँक 23 नवम्बर 2015 को अग्रवाल महाविद्यालय में महिला प्रकोष्ठ के तत्वाधान में विंग-III के सभागार में “महिलाएं और उनका स्वास्थ्य” विषय पर एक वार्ता का आयोजन किया गया I महाविद्यालय प्राचार्य डॉ कृषणकांत गुप्ता जी के कुशल नेतृत्व में छात्राओं के स्वास्थ्य एवं भविष्य से सम्बंधित व्याख्यान वर्ष भर होते रहते हैं I इसी श्रंखला में यह वार्ता आयोजित हुई I प्राचार्य महोदय ने सुप्रसिद्ध एवं वरिष्ठ स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ नीता धवई (Senior Gynecologist in Sunflag Hospital, Faridabad) का स्वागत करते हुए कहा कि छात्राओं के हित के लिए ऐसी वार्ताओं होती रहनी चाहिएं I डॉ नीता धवई ने छात्राओं के साथ महिलाओं में होने वाली अनेकानेक बीमारियों, सेक्स् शिक्षा, नारी सशक्तिकरण, भ्रष्टाचार, जाति समस्या इत्यादि विषयों पर चर्चा की I सर्वप्रथम उन्होनें छात्राओं के इन विषयों पर विचार जाने, तदुपरांत उनकी जिज्ञासाओं का समाधान किया और बताया कि आज की छात्राएं कल का भविष्य है I यह बिलकुल सही समय है जब उन्हें यह जान लेना चाहिए कि किस तरह गृहस्थ जीवन में पदार्पण करने से पूर्व शिक्षित होना जरुरी है I इसके लिए इस तरह के व्याख्यानों में भाग लेकर वे अपने जिज्ञासाओं का समाधान कर सकती हैं I विद्यार्थियों ने पूर्ण जोश के साथ वार्ता में भाग लिया I

इस सुअवसर पर महिला प्रकोष्ठ की अधिकारी श्रीमती शोभना गोयल विंग-I डॉ रेनू माहेश्वरी विंग-III के साथ साथ वरिष्ठ प्रवक्ता डॉ उषा चौधरी, डॉ रेखा सैन एवं डॉ शिल्पा गोयल इत्यादि उपस्थित थे I डॉ रेनू माहेश्वरी के मुख्य वक्ता के संक्षिप्त परिचय से कार्यक्रम का शुभारम्भ हुआ और श्रीमती शोभना गोयल के धन्यवाद ज्ञापन से कार्यक्रम का समापन हुआ I